भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-*99
बुधवार, 28 जुलाई, 2021/06 श्रावण, 1943 (शक)

देश में बेरोज़गारी दर

***99 श्री विशम्भर प्रसाद निषादः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान बेरोज़गारी दर में हुई वृद्धि का ब्यौरा क्या है;
(ख) कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन लगाये जाने कारण बेरोज़गारी में हुई वृद्धि का आंकड़ा क्या है; और
(ग) नोटबंदी के बाद बेरोज़गारी में हुई वृद्धि का आंकड़ा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार मंत्री
(श्री भूपेन्द्र यादव)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।
******

देश में बेरोज़गारी दर के संबंध में श्री विशम्भर प्रसाद निषाद द्वारा पूछे गए राज्य सभा के दिनांक 28-07-2021 के तारांकित प्रश्न संख्या *99 के भाग (क) से (ग) के लिए दिए जाने वाले उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (ग): रोजगार और बेरोजगारी पर वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है। 2019-20 तक (जुलाई, 2019 से जून, 2020 की सर्वेक्षण अवधि) का वार्षिक पीएलएफएस आंकड़ा उपलब्ध है। वार्षिक पीएलएफएस के परिणामों के अनुसार, देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर बेरोजगारी दर निम्नानुसार हैः

पीएलएफएस (वर्ष)	बेरोजगारी दर (% में)
2017-18	6.0
2018-19	5.8
2019-20	4.8

******